# राजधानी में दौड़ेंगी 100 इलेक्ट्रिक बसें, आज से 10 बसों का ट्रायल रन

**पीएम ई-बस सेवा योजना के तहत पहले चरण की शुरुआत, यात्रियों को मिलेंगी एसी, जीपीएस, सीसीटीवी और डिजिटल टिकटिंग जैसी आधुनिक सुविधाएं**



**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** राजधानी भोपाल में सार्वजनिक परिवहन को आधुनिक और पर्यावरण अनुकूल बनाने की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए 27 जुलाई से प्रधानमंत्री ई-बस सेवा योजना के तहत इलेक्ट्रिक बसों का ट्रायल संचालन शुरू किया जाएगा। पहले चरण में 100 इलेक्ट्रिक बसों को मंजूरी मिली है, जिनमें सोमवार से तीन दिनों तक ट्रायल के रूप में 10 बसें यात्रियों के साथ निर्धारित मार्गों पर चलेंगी। इन बसों का संचालन संत हिरदाराम नगर (बैरागढ़) और कस्तूरबा नगर (आईएसबीटी) स्थित नए इलेक्ट्रिक बस डिपो से किया जाएगा।

संत हिरदाराम नगर स्थित डिपो में चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर, विद्युत संयोजन और सिविल निर्माण का कार्य पूरा हो चुका है। बसों के संचालन के लिए केंद्र सरकार की निविदा के माध्यम से ग्रीन सेल मोबिलिटी का चयन किया गया है, जो चालक, रखरखाव और परिचालन की जिम्मेदारी निभाएगी। बसों के लिए चार्जिंग स्टेशन भी स्थापित किए जा चुके हैं।

योजना के तहत बस ऑपरेटर को प्रतिदिन प्रत्येक बस का न्यूनतम 180 किलोमीटर संचालन करना होगा। संचालन के लिए प्रति किलोमीटर 58.14 रुपये का भुगतान किया जाएगा, जिसमें 22 रुपये प्रति किलोमीटर केंद्र सरकार और 36.14 रुपये प्रति किलोमीटर राज्य सरकार वहन करेगी। परिवहन विभाग ने भोपाल और आसपास के क्षेत्रों के 26 शहरी एवं उपनगरीय मार्ग अधिसूचित किए हैं। इनमें से 12 प्रमुख मार्गों पर इलेक्ट्रिक बसों का संचालन प्रस्तावित है। सबसे लंबा मार्ग सीहोर से रातापानी (68.5 किमी) तथा सबसे छोटा मार्ग अचारपुरा औद्योगिक क्षेत्र से बीडीए कॉलोनी (32 किमी) रहेगा।

पहले चरण में 27 जुलाई से चिरायु अस्पताल-बोर्ड ऑफिस मेट्रो स्टेशन-बैरागढ़ चिचली तथा रेलवे कोच फैक्ट्री-बोर्ड ऑफिस मेट्रो स्टेशन-बैरागढ़ चिचली मार्गों पर ट्रायल संचालन शुरू होगा। यात्रियों से वर्ष 2022 में परिवहन विभाग द्वारा निर्धारित किराया ही लिया जाएगा। इलेक्ट्रिक बसों में यात्रियों की सुविधा और सुरक्षा का विशेष ध्यान रखा गया है। सभी बसें एयर कंडीशनिंग से लैस होंगी। इनमें एआईएस-140 आधारित जीपीएस, पैनिक बटन, पांच सीसीटीवी कैमरे, डिजिटल टिकटिंग एवं मोबाइल ऐप, एलईडी यात्री सूचना प्रणाली, पब्लिक अनाउंसमेंट सिस्टम और दिव्यांग यात्रियों के लिए हाइड्रोलिक व्हीलचेयर लिफ्ट की सुविधा उपलब्ध रहेगी। प्रत्येक सीट के पास इमरजेंसी पैनिक और स्टॉप बटन तथा प्रत्येक खिड़की पर इमरजेंसी हैमर भी लगाया गया है। सभी बसों की रियल टाइम मॉनिटरिंग बीसीएलएल के कंट्रोल रूम से की जाएगी।

भोपाल के लिए कुल 245 इलेक्ट्रिक बसों को स्वीकृति मिल चुकी है। पहले चरण में 100 बसें संचालित होंगी, जबकि अतिरिक्त 145 बसों की निविदा प्रक्रिया जारी है। सभी बसों के संचालन के बाद राजधानी का सार्वजनिक परिवहन पूरी तरह आधुनिक, सुरक्षित और पर्यावरण के अनुकूल बनने की दिशा में महत्वपूर्ण बदलाव देखने को मिलेगा।

### एक नजर में

- पहले चरण में 100 इलेक्ट्रिक बसें, 27 जुलाई से 10 बसों का ट्रायल संचालन।
- संचालन केंद्र - संत हिरदाराम नगर (बैरागढ़) और आईएसबीटी, कस्तूरबा नगर डिपो।
- 12 प्रमुख मार्गों पर इलेक्ट्रिक बसें चलेंगी, कुल 26 मार्ग अधिसूचित।
- बसों में एसी, जीपीएस, 5 सीसीटीवी कैमरे, पैनिक बटन और डिजिटल टिकटिंग।
- दिव्यांग यात्रियों के लिए हाइड्रोलिक व्हीलचेयर लिफ्ट की सुविधा।
- रियल टाइम मॉनिटरिंग बीसीएलएल कंट्रोल रूम से होगी।
- भविष्य में भोपाल में कुल 245 इलेक्ट्रिक बसों का संचालन प्रस्तावित।

# नशा मुक्ति मैराथन में उमड़ा जनसैलाब छह हजार लोगों ने लिया संकल्प




**राज्य ब्यूरो, नईदुनिया, भोपालः** प्रदेश में चल रहे 'नशे से दूरी है ज़रूरी 2.0' अभियान के तहत भोपाल पुलिस कमिश्नरेट ने रविवार को 'रन फॉर लाइफ' मैराथन का आयोजन किया। टी.टी. नगर स्टेडियम से शुरू हुई इस जनजागरूकता मैराथन में लगभग छह हजार विद्यार्थियों, खिलाड़ियों, सामाजिक संगठनों, स्वयंसेवी संस्थाओं, पुलिस अधिकारियों, कर्मचारियों और नागरिकों ने भाग लेकर नशामुक्त समाज के निर्माण का संकल्प लिया।

ैराथन का उद्देश्य युवाओं और आमजन को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करना तथा स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना था। प्रतिभागियों ने दौड़ के माध्यम से यह संदेश दिया कि नशे के खिलाफ लड़ाई केवल सरकारी प्रयासों से नहीं, बल्कि जनसहभागिता से ही सफल हो सकती है।

कार्यक्रम में अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (नारकोटिक्स) डी. श्रीनिवास वर्मा, पुलिस आयुक्त संजय कुमार, अतिरिक्त पुलिस आयुक्त मोनिका शुक्ला, शैलेन्द्र सिंह चौहान सहित पुलिस विभाग के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। पुलिस आयुक्त संजय कुमार ने सभी प्रतिभागियों को नशा मुक्ति की शपथ दिलाते हुए समाज को नशामुक्त बनाने में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया।

मैराथन का आयोजन दो किलोमीटर वॉकथॉन, पांच किलोमीटर रन और दस किलोमीटर मैराथन श्रेणियों में किया गया। विभिन्न आयु वर्गों के विजेताओं को मेडल और प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया गया। दस किलोमीटर की 45 वर्ष से अधिक पुरुष वर्ग में पुलिस आयुक्त संजय कुमार प्रथम रहे, जबकि अन्य वर्गों में भी प्रतिभागियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। आयोजकों ने इसे नशा मुक्ति के जनआंदोलन को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल बताते हुए प्रदेशवासियों से अभियान में सक्रिय भागीदारी की अपील की। उन्होंने कहा कि स्वस्थ, सुरक्षित और नशामुक्त मध्यप्रदेश के निर्माण में प्रत्येक नागरिक की भागीदारी आवश्यक है।

## युवक पर जानलेवा हमला, पुलिस ने आरोपियों को किया गिरफ्तार

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** राजधानी के पिपलानी थाना क्षेत्र में एक्टिवा चालक महिला को ओवरटेक करने के मामूली विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। आनंद नगर क्षेत्र में दो सगे भाइयों और उनकी बहन ने एक युवक पर डंडों से जानलेवा हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया।

घटना के दौरान स्थानीय लोगों की सूचना पर पिपलानी पुलिस ने तत्काल घेराबंदी कर तीनों आरोपियों को रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार 25 जुलाई को रत्नागिरी चौराहे पर ऑटो चालक राहुल ठाकुर, उसके भाई प्रशांत ठाकुर और उनकी बहन पिंकी का पूजा सेन से विवाद हो रहा था। इस दौरान सुनील साहू और हीरेश बघेल ने बीच-बचाव कर मामला शांत करा दिया। कुछ देर बाद जब सुनील और हीरेश आनंद नगर बिजली कॉलोनी की घाटी के पास खड़े थे, तभी तीनों आरोपी ऑटो से वहां पहुंचे और गाली-गलौज शुरू कर दी। आरोप है कि राहुल और प्रशांत ने ऑटो से डंडे निकालकर हीरेश पर ताबड़तोड़ हमला कर दिया। दोनों ने उसे जमीन पर पटककर सिर पर डंडों से वार किए, जिससे वह गंभीर रूप से घायल होकर बेहोश हो गया। इसके बाद आरोपी पिंकी ने भी डंडे से हीरेश के पैरों और छाती पर हमला किया। शोर सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और बीच-बचाव किया। आरोपियों ने जाते-जाते पीड़ित को दोबारा जान से मारने की धमकी भी दी। घटना की सूचना मिलते ही थाना पिपलानी पुलिस ने तत्काल घेराबंदी कर तीनों आरोपियों को मौके से ही गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने घटना में प्रयुक्त तीन डंडे और ऑटो (एमपी-04-जेवाई-1982) जब्त कर लिया है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान प्रशांत ठाकुर (35 वर्ष), राहुल ठाकुर (32 वर्ष) और पिंकी सोलंकी (33 वर्ष) निवासी टावर के पास, छावनी झुग्गी, झिरिया खेड़ा रोड, बिलखिरिया, भोपाल के रूप में हुई है।

# दतिया उपचुनावः परिहार समाज ने भाजपा को दिया समर्थन खंडेलवाल ने किया संवाद




**राज्य ब्यूरो, नईदुनिया, भोपालः** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक हेमंत खंडेलवाल ने रविवार को दतिया उपचुनाव कार्यालय में परिहार समाज के प्रबुद्धजनों और गणमान्य नागरिकों की बैठक को संबोधित किया।

बैठक में समाज के प्रतिनिधियों ने भाजपा को अपना समर्थन देने की घोषणा करते हुए पार्टी प्रत्याशी आशुतोष तिवारी को उपचुनाव में विजयी बनाने का संकल्प व्यक्त किया। हेमंत खंडेलवाल ने कहा कि भाजपा सभी समाजों को साथ लेकर विकसित भारत के निर्माण के लक्ष्य पर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के संकल्प को साकार करने में प्रत्येक समाज की सहभागिता आवश्यक है। उन्होंने लोगों से भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में मतदान करने की अपील करते हुए कहा कि सरकार समाज के सभी वर्गों के कल्याण, आर्थिक सशक्तिकरण और सम्मान के लिए प्रतिबद्ध है।

प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि केंद्र और मध्यप्रदेश की डबल इंजन सरकार सबका साथ, सबका विकास के सिद्धांत पर कार्य करते हुए अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने का प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश सरकार ने विभिन्न समाजों के विकास के लिए कई बोर्ड और आयोग गठित किए हैं तथा संगठन और निगम-मंडलों में भी समाज के प्रतिनिधियों को अवसर दिया गया है।

इस दौरान हेमंत खंडेलवाल ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि पार्टी तुष्टिकरण और वोट बैंक की राजनीति तक सीमित हो गई है, जबकि भाजपा लोकतांत्रिक मूल्यों और सर्वसमावेशी प्रतिनिधित्व को प्राथमिकता देती है। बैठक में सांसद भारत सिंह कुशवाहा, पूर्व मंत्री हरिशंकर खटीक सहित परिहार समाज के अनेक वरिष्ठ पदाधिकारी और जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## कार्यपालन अभियंता पर अवैध वसूली के आरोप, विभागीय जांच शुरू

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** मध्यप्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड ने भ्रष्टाचार के खिलाफ अपनी 'जीरो टॉलरेंस' नीति के तहत छिंदवाड़ा के कार्यपालन अभियंता (शहर) शरद बिसेन के विरुद्ध विभागीय जांच शुरू कर दी है।

कंपनी प्रबंधन ने ठेकेदारों से कथित अवैध धनराशि की मांग और अन्य अनियमितताओं के आरोपों के संबंध में उनके खिलाफ औपचारिक आरोप-पत्र जारी किया है। कंपनी के अनुसार, शरद बिसेन पर ठेकेदारों के बिलों के भुगतान और अन्य कार्यों के बदले अवैध राशि मांगने, पद का दुरुपयोग करने तथा मध्यप्रदेश सिविल सेवा (आचरण) नियमों के उल्लंघन जैसे गंभीर आरोप लगाए गए हैं। जांच पूरी होने तक उन्हें तत्काल प्रभाव से छिंदवाड़ा से स्थानांतरित कर कार्यपालन अभियंता (प्रवर्तन), छतरपुर के पद पर पदस्थ किया गया है।

कंपनी प्रबंधन ने स्पष्ट किया है कि भ्रष्टाचार, अनियमितता और कदाचार के मामलों में किसी भी अधिकारी या कर्मचारी के प्रति कोई रियायत नहीं बरती जाएगी। संस्था ने कहा कि पारदर्शिता, जवाबदेही और सुशासन को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है तथा जांच में दोषी पाए जाने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों के विरुद्ध नियमानुसार कड़ी कार्रवाई की जाएगी। कंपनी ने इस कार्रवाई को प्रशासनिक व्यवस्था में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया है।

### मुख्यमंत्री ने ऋषिकांत सिंह को रजत पदक पर दी बधाई

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने ग्लासगो में आयोजित कॉमनवेल्थ गेम्स-2026 की पुरुष 61 किलोग्राम वेटलिफ्टिंग स्पर्धा में रजत पदक जीतने पर ऋषिकांत सिंह को बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि देश के युवाओं के लिए प्रेरणादायक है और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## 'रिमझिम गिरे सावन 2.0' में गूंजे मुकेश किशोर और रफी के सदाबहार गीत



**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** कायस्थ समाज की संस्था कायस्थम मध्यप्रदेश ने रविवार को पार्श्व गायक स्वर्गीय मुकेश चंद्र माथुर के 103वें जन्मदिवस पर 'रिमझिम गिरे सावन 2.0' संगीत संध्या का आयोजन किया। कार्यक्रम में मुकेश, किशोर कुमार, मोहम्मद रफी, लता मंगेशकर और आशा भोसले के सदाबहार फिल्मी गीतों की प्रस्तुतियों ने श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आबकारी आयुक्त दीपक सक्सेना थे, जबकि मध्यप्रदेश काउंसिल ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी के महानिदेशक अनिल कोठारी, वरिष्ठ पत्रकार महेश श्रीवास्तव और भजन गायक रवि खरे विशेष अतिथि के रूप में मौजूद रहे। अतिथियों ने भगवान चित्रगुप्त, मां सरस्वती और स्वर्गीय मुकेश के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। संगीत संध्या में करीब 30 चित्रांश गायकों ने 42 से अधिक लोकप्रिय फिल्मी गीत प्रस्तुत किए, जिनमें 17 गीत विशेष रूप से मुकेश को समर्पित रहे। 'सावन का महीना पवन करे शोर', 'जीना यहां मरना यहां', 'चंदन सा बदन', 'तेरे चेहरे से नजर नहीं हटती' और 'एक प्यार का नगमा है' जैसे गीतों ने श्रोताओं की खूब वाहवाही बटोरी। आयोजन समिति की ओर से डॉ. रश्मि सक्सेना, राकेश रायजादा, संजय खरे, रत्ना खरे और उमंग खरे ने अतिथियों का स्वागत किया।

### जर्जर सड़क पर धान रोपकर जताया विरोध

**नप्र, भोपाल :** कटारा हिल्स स्थित स्वर्ण कुंज कॉलोनी में रविवार को रहवासियों ने जर्जर सड़क और जलभराव की समस्या के विरोध में सड़क पर धान की रोपाई कर अनोखा प्रदर्शन किया। बारिश के कारण कच्ची सड़क पर कीचड़ और पानी भर जाने से लोगों का आवागमन प्रभावित हो रहा है।

रहवासियों ने गड्ढों और पानी से भरी सड़क पर धान रोपकर प्रशासन और जनप्रतिनिधियों का ध्यान समस्या की ओर आकर्षित किया। रहवासी नर्मदाप्रसाद विश्वकर्मा ने बताया कि प्रत्येक वर्ष वर्षा ऋतु में सड़क तालाब जैसी हो जाती है, जिससे पैदल चलना और वाहनों का आवागमन कठिन हो जाता है। जलभराव के कारण बच्चों, बुजुर्गों तथा दोपहिया वाहन चालकों को सबसे अधिक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

## तिरंगा यात्रा की तैयारियाँ तेज, विधायक सबनानी ने लोगों से शामिल होने की अपील




**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** दक्षिण-पश्चिम विधानसभा क्षेत्र में 14 अगस्त को आयोजित होने वाली विशाल तिरंगा यात्रा की तैयारियों को लेकर विधायक भगवानदास सबनानी ने रविवार को मानस भवन में पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं की बैठक ली।

बैठक में यात्रा के सफल आयोजन के लिए मार्ग, व्यवस्थाओं और जिम्मेदारियों पर विस्तार से चर्चा की गई। विधायक सबनानी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'हर घर तिरंगा' अभियान के तहत निकाली जाने वाली यह यात्रा राष्ट्रभक्ति और राष्ट्रीय एकता का प्रतीक होगी। उन्होंने कार्यकर्ताओं को यात्रा का विस्तृत रोडमैप तैयार करने, सभी व्यवस्थाएं समय पर पूरी करने और अधिक से अधिक लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने क्षेत्रवासियों से अपील करते हुए कहा कि तिरंगा यात्रा देश के प्रति सम्मान और गौरव व्यक्त करने का अवसर है।

उन्होंने नागरिकों से बड़ी संख्या में यात्रा में शामिल होकर भारत माता के जयघोष के साथ देशभक्ति का संदेश देने का आग्रह किया। बैठक में जिला महामंत्री मुकेश राय, अनुसूचित जाति मोर्चा अध्यक्ष दिनेश भारती, विधानसभा प्रभारी राजू अनेजा, महापौर परिषद सदस्य आर.के. सिंह बघेल, पार्षद आरती अनेजा, मंडल अध्यक्ष प्रियेश उपाध्याय, हेमंत बड़गैया, मुकेश देहाड़े, सोनू पालीवाल, पारस नरवरिया सहित अनेक पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### 111 दीपों से महाआरती, भजन संध्या में उमड़े श्रद्धालु

**नप्र, भोपाल :** देवशयनी एकादशी के पावन अवसर पर नवयुवक मंडल साहू समाज, भोपाल द्वारा श्री लक्ष्मीनारायण साहू समाज मंदिर, मां कर्मा देवी मार्ग, घोड़ा निक्कास में श्रीरामचरितमानस के सुंदरकांड पाठ एवं भजन संध्या का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विधि-विधान और मंगलाचरण के साथ हुआ। इसके बाद श्रद्धालुओं ने सामूहिक रूप से सुंदरकांड का पाठ कर भगवान श्रीराम और संकटमोचन हनुमानजी की आराधना की। सुंदरकांड पाठ के उपरांत भजन गायक रुपेश राज और हरीश कुशवाहा ने भक्तिमय प्रस्तुतियां दीं। देर रात तक श्रद्धालु भजनों का आनंद लेते रहे। कार्यक्रम के समापन पर भगवान श्रीराम और श्रीहनुमानजी की 111 दीपों से भव्य महाआरती की गई। इसके पश्चात उपस्थित श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया।

## बीएनआई भोपाल का स्थापना दिवसः उद्यमिता और नेटवर्किंग को मिला नया मंच




**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** बिजनेस नेटवर्क इंटरनेशनल इंडिया (बीएनआई) भोपाल चैप्टर का सातवां स्थापना दिवस रविवार को 'वन बीएनआई, वन भोपाल' थीम के साथ उत्साहपूर्वक मनाया गया। एक दिवसीय समारोह में उद्यमिता, नेतृत्व, व्यावसायिक नेटवर्किंग, सड़क सुरक्षा और पर्यावरण संरक्षण जैसे विषयों पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। इसमें शहर के उद्यमियों, उद्योगपतियों और व्यवसायियों ने बड़ी संख्या में भाग लिया।

कार्यक्रम की शुरुआत जागरूकता कार रैली से हुई। लिंक रोड नंबर-1 से प्रदेश के खेल मंत्री विश्वास सारंग ने रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। 150 से अधिक प्रतिभागियों ने रैली के माध्यम से सुरक्षित यातायात, पर्यावरण संरक्षण और उद्यमिता को बढ़ावा देने का संदेश दिया। इसके बाद आयोजित सत्रों में प्रतिभागियों को सात टीमों में विभाजित कर बिजनेस प्रॉब्लम सॉल्विंग, बिजनेस आइडिया पिचिंग और नेटवर्किंग गतिविधियां कराई गईं। उद्यमियों ने अपने अनुभव साझा किए और नए व्यापारिक अवसरों पर चर्चा की। समारोह के दौरान पिछले एक वर्ष में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले सदस्यों को सम्मानित भी किया गया। बीएनआई भोपाल के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर प्रदीप करम्बेलकर ने पुरस्कार प्रदान करते हुए सदस्यों के योगदान की सराहना की।

इस अवसर पर प्रदीप करम्बेलकर ने कहा कि बीएनआई भोपाल का लक्ष्य शहर को केवल प्रशासनिक राजधानी नहीं, बल्कि एक मजबूत व्यावसायिक केंद्र के रूप में स्थापित करना है।

## पुलिस के हत्थे चढ़ा 10 हजार का इनामी बदमाश

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** राजधानी पुलिस ने फरार अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत बड़ी सफलता हासिल करते हुए रुपए 10 हजार के इनामी बदमाश काला उर्फ नजफ ईरानी को गिरफ्तार कर लिया है।

आरोपी कई वर्षों से फरार चल रहा था और उसके खिलाफ मध्यप्रदेश सहित देश के कई राज्यों में चोरी, लूट, ठगी, हथियार और अन्य गंभीर अपराधों के करीब 42 मामले दर्ज हैं। पुलिस के अनुसार पुलिस आयुक्त संजय कुमार और अतिरिक्त पुलिस आयुक्त शैलेन्द्र सिंह चौहान के निर्देश पर निशातपुरा थाना क्षेत्र के ईरानी डेरा और अमन कॉलोनी में सक्रिय आदतन अपराधियों एवं इनामी बदमाशों की धरपकड़ के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा था। डीसीपी जोन-4 आदर्शकांत शुक्ला, अतिरिक्त डीसीपी संजीव पाठक और एसीपी शशांक जैन के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी मनोज पटवा के नेतृत्व में गठित विशेष टीम ने मुखबिर तंत्र की मदद से आरोपी को गिरफ्तार किया।

पुलिस ने बताया कि काला उर्फ नजफ ईरानी (41 वर्ष) निवासी मुरली नगर, करोंद, भोपाल ईरानी समाज के कुछ लोगों का गिरोह बनाकर मध्यप्रदेश के अलावा उत्तरप्रदेश, महाराष्ट्र, राजस्थान, दिल्ली, कर्नाटक और छत्तीसगढ़ सहित कई राज्यों में सक्रिय था। गिरोह विशेष रूप से हाथ की सफाई कर जेवर और नकदी चोरी करने तथा अन्य संगठित अपराधों को अंजाम देता था।

आरोपी के खिलाफ निशातपुरा थाने में पहले से अपराध दर्ज होने के साथ स्थायी वारंट भी लंबित था। गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने उसे न्यायालय में पेश कर रिमांड पर लिया है। पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार आरोपी पर हत्या के प्रयास, लूट, चोरी, ठगी, आर्म्स एक्ट, जुआ एक्ट, आबकारी तथा अन्य गंभीर धाराओं में 42 आपराधिक प्रकरण दर्ज हैं। इनमें महाराष्ट्र के पुणे, ठाणे, मुंबई सहित मध्यप्रदेश के विभिन्न थानों के मामले भी शामिल हैं।